Press Release

ईडीआईआई के एक्सेंचर द्वारा समर्थित वीएक्ट कार्यक्रम ने गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय के साथ किया एक समझौते पर हस्ताक्षर

अहमदाबाद, 16 फरवरी, 2024: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई)**,** अहमदाबाद के एक्सेंचर द्वारा समर्थित, वीएक्ट कार्यक्रम ने समावेशी विकास और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य है, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना**,** स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना और गुजरात के कुटीर उद्योग में वहनीय प्रथाओं को बढ़ावा देना।

इस समझौते पर श्री प्रवीण सोलंकी**,** आईएएस**,** सचिव और आयुक्त, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग, गुजरात सरकार**;** श्री हेतल पटेल**,** अतिरिक्त निदेशक**,** कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग**,** गुजरात सरकार**;** श्री डेनियल थॉमस**,** सीएसआर मैनेजर**,** एक्सेंचर और डॉ. रमन गुजराल**,** निदेशक**,** परियोजना-कॉर्पोरेट विभाग**,** ईडीआईआई की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गए।

इस सहयोग के तहत**,** गुजरात स्थित महिला कारीगरों को एक्सेंचर समर्थित वीएक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाज़ार पहुंच**,** उत्पाद विकास और नेटवर्क और प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचाया जाएगा। वीएक्ट महिला उद्यमियों का एक मंच है। इसका उद्देश्य है, हस्तकला सेतु परियोजना में नामांकित कारीगरों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच हासिल करने में सक्षम बनाना। यह साझेदारी समावेशी विकास को बढ़ावा देने**,** आर्थिक विकास बढ़ाने और गुजरात की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है।

वीएक्ट देश भर की 13,400 से अधिक महिला उद्यमियों तक पहुंच चुका है और इसने कारीगरों तथा बुनकरों के लिए बाज़ार का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार किया है।

श्री प्रवीण सोलंकी, **आईएएस**, **सचिव और आयुक्त**, **कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग**, **गुजरात सरकार** ने कहा, "गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग विभाग और वीएक्ट के बीच यह साझेदारी, राज्य में कारीगरों और बुनकरों के कल्याण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।"

ईडीआईआई के महानिदेशक, **डॉ. सुनील शुक्ला** ने कहा, "यह साझेदारी समावेशी विकास को बढ़ावा देने और गुजरात में कारीगर समुदाय को सशक्त बनाने के प्रति हमारे साझा समर्पण का प्रतीक है।"

ईडीआईआई के परियोजना-कॉर्पोरेट विभाग के निदेशक, **डॉ. रमन गुजराल** ने कहा "यह समझौता ज्ञापन वीएक्ट प्लेटफॉर्म के ज़रिये हस्तकला सेतु परियोजना (कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय, गुजरात सरकार द्वारा समर्थित और ईडीआईआई द्वारा क्रियान्वित) के लाभार्थियों के लिए बाज़ारों और नेटवर्क के विस्तार के लिहाज़ से समग्र समर्थन प्रदान करेगा।"

एक्सेंचर समर्थित वीएक्ट (एक्सेस कनेक्ट एंड ट्रांसफॉर्म) चेंबर ऑफ कॉमर्स फॉर वीमेन एंट्रेप्रेंयोर्स-सीओसी के बारे में

एक्सेंचर के सहयोग से ईडीआईआई ने 2020 में वीमेन एंट्रेप्रेन्योर्स- एक्सेस कनेक्ट एंड ट्रांसफॉर्म (वीएक्ट) नाम से एक फोरम बनाया। यह प्लेटफॉर्म ग्रामीण क्षेत्रों की महिला उद्यमियों के लिए वन-स्टॉप समाधान है, जो उन्हें अपने व्यवसाय को लाभदायक और वहनीय बनाने के लिए सहायता प्रदान करता है। यह परियोजना बाज़ार पहुंच के पांच स्तंभों; बाज़ार पहुंच, उत्पाद एवं व्यवसाय विकास; ज्ञान एवं नेटवर्किंग; मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी पर टिकी है।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute. It is sponsored by apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and the State Bank of India (SBI), and has been supported by the Government of Gujarat. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987